दिनांक 08.01.2026 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# गौठान में गौ–सेवा एवं स्थल निरीक्षण करने अधिकारियों का डयूटी आदेश जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कोसानगर गौठान में गौ–सेवा एवं स्थल के प्रतिदिवस निरीक्षण हेतु अधिकारियों की डयूटी लगाये हैं। जोन–1 आयुक्त अजय राजपूत (सोमवार), कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल (मंगलवार), सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू (बुधवार), उप अभियंता रीमा हुमाने (गुरूवार), उप अभियंता बसंत साहू (शुक्रवार), नोडल अधिकारी विनय शर्मा (शनिवार) एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली (रविवार) को स्थल निरीक्षण करेगें। जोन–4 खुर्सीपार के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे किसी भी दिवस आकस्मिक निरीक्षण कर सकेगें। संबंधित अधिकारी निर्धारित दिवस के दिन गौ–सेवा स्थल पर व्यवस्था की जानकारी एवं निरीक्षण का जियो टैग लोकेशन व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करेगें। अधिकारी संधारित रजिस्टर में आवश्यक सुधार हेतु टीप भी अंकित करेगें।